>

Titile: Issue regarding illegal sand mining in Rajnandgaon, Chattisgarh.

श्री संतोष पान्डेय (**राजनंदगाँव**): धन्यवाद सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र एवं जिला राजनंदगांव के वनांचल एवं आदिवासी बहुत नक्सल प्रभावित मानपुर मोहला, चौकी में नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाते हुए बेतहाशा अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन खतरे में आ चुका है । अवैध रेत खनन की स्थिति यह है कि विकास खंड मानपुर के ग्राम तोलुम व नवागांव में नदी की दिशा ही बदल गई है । बिना रॉयल्टी पर्ची के शासन को लाखों रुपयों का प्रतिदिन नुकसान हो रहा है । बेशकीमती सागौन सहित इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई कर उनको पड़ोसी राज्यों महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश में भेजा जा रहा है । नदी का कटाव बढ़ने और नदी से लगी भूमि व खेतों के क्षरण से आदिवासी कृषकों में आक्रोश की स्थिति पैदा हो रही है, जिसका विरोध वे गत दो वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं । यह स्थिति न सिर्फ उक्त स्थान वरन् में है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की यही स्थिति है ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि पर्यावरण मंत्रालय सहित खनन विभाग व एनजीटी निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें । मुझे इतना ही निवेदन करना है ।